No. of Printed Pages : 3

ई.एच.डी.-8

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2011

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.-8 : प्रयोजनमूलक हिन्दी

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *खण्ड '**क**' से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिये। खण्ड '**ख**' से **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिये। खण्ड '**ग**' के सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

खण्ड - क

*निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।*

1. हिन्दी-वाक्य संरचना के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसके विभिन्न प्रकारों को समझाइए। 20

2. पारिभाषिक शब्दावली से क्या तात्पर्य है ? उसके लक्षण बताते हुए पारिभाषिक शब्दावली निर्माण के सिद्धान्तों पर प्रकाश डालिए। 20

3. हिंदी की सांविधानिक स्थिति पर प्रकाश डालिए। 20

4. जनसंचार के विभिन्न माध्यमों की भाषा की चर्चा कीजिए। 20

खण्ड - ख

निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *250* शब्दों में दीजिए।

5. 'अधिसूचना' से आप क्या समझते हैं? एक 'अधिसूचना' का प्रारूप तैयार कीजिए। 10

6. वैज्ञानिक शब्दावली की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर एक लेख लिखिए। 10

7. वाणिज्यिक क्षेत्र में हिंदी के अनुप्रयोग पर प्रकाश डालिए। 10

8. राष्ट्रीयकृत बैंकों में हिन्दी की स्थिति और कार्य दशा पर चर्चा कीजिए। 10

9. वैज्ञानिक शब्दावली संबंधी विभिन्न मतों को स्पष्ट कीजिए। 10

10. अच्छे संवाददाता के गुणों पर प्रकाश डालिए। 10

11. विज्ञापन के विभिन्न प्रकारों को उदाहरण सहित समझाइए। 10

12. समाचार संपादन के तकनीकी पक्ष पर प्रकाश डालिए। 10

खण्ड – ग

इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

13. निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग *50* शब्दों में दीजिए : 2x5=10

(क) संक्षेपण की प्रमुख विशेषताएँ बताइए।

(ख) राजभाषा से आप क्या समझते हैं ?

(ग) प्रयोजनमूलक हिन्दी से क्या तात्पर्य है ?

(घ) शब्दावली के मानकीकरण के प्रमुख आधार बताइए।

(ङ) प्रतिवेदन किसे कहते हैं ?

14. निम्नलिखित शब्दों के हिंदी पर्याय बताइए : 1x5=5

(a) Maintenance

(b) Privilege

(c) Workshop

(d) Attorney General

(e) Copyright

15. निम्नलिखित में से ***सही*** अथवा ***गलत*** कथन का उल्लेख कीजिए। 1x5=5

(क) मानकीकरण द्वारा भाषा में एकरूपता आती है।

(ख) हिंदी में वर्तनी के स्तर पर कोई समस्या नहीं है।

(ग) आधुनिकीकरण भाषा को जीवंत रखने की प्रक्रिया है।

(घ) तकनीकी हिंदी एक भाषा प्रयुक्ति है।

(ङ) साहित्यिक हिंदी में केवल अभिधा का प्रयोग अधिक होता है।